# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 412/2024**

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक की अवधि में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन भरे गये पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर अपलोड किया गया है, जो दिनांक 05.12.2024 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

**2.** विद्यालय प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाईट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत् करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक छात्र/छात्रा को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

**3.** यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0 पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message/e-mail भेजा जा रहा है, ताकि छात्र/छात्रा स्वयं भी अपना Dummy Admit Card समिति के उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर सके और उसमें कोई त्रुटि हो, तो अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

**4.** समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card विद्यालय प्रधान एवं छात्र/छात्रा के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ <u>विद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया</u> :–

संबंधित विद्यालय के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com पर बायें तरफ उपलब्ध लिंक "Examination Application Form For Exam, 2025" → Click here to proceed → Click here to apply/view पर Click कर Login करेंगे।** लॉग–इन उपरान्त अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

➢ <u>परीक्षार्थी द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया</u> :–

सभी परीक्षार्थी अपने पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com पर Click करेंगे।** इसके उपरांत Click Here to डमी प्रवेश पत्र/Dummy Admit Card **के** Option पर जाकर अपना पंजीयन संख्या एवं जन्म तिथि अंकित कर डमी प्रवेश पत्र/Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

**5. विद्यार्थी Android Mobile App के माध्यम से भी अपना Dummy Admit Card निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है:–**

**i.** Google Play Store पर जाएँ।

↓

**ii.** "BSEB Information App" को Search करे तथा Download कर Install करें।

↓

**iii.** Mobile App Open कर Home Page पर जाकर उपलब्ध लिंक **www.ssonline.biharboardonline.com** पर क्लिक करें।

↓

**iv.** App पर मांगे गए विवरण को भरें, तत्पश्चात Dummy Admit Card डाउनलोड करें।

**6.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने विद्यालय प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर अथवा स्वयं डाउनलोड कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, कोटि, लिंग, विषय, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने विद्यालय प्रधान को ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित विद्यालय के प्रधान ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाईन त्रुटि सुधार दिनांक 05.12.2024 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु विद्यालय प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा विद्यालय प्रधान द्वारा ऑनलाईन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय प्रधान तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

**7. (i) विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित छात्र/छात्रा नियमानुसार गणित विषय के बदले गृह विज्ञान एवं विज्ञान विषय के बदले संगीत विषय की परीक्षा में सम्मिलित होते है। यदि किसी दृष्टिबाधित (Visually Impaired) छात्र/छात्रा के Dummy Admit Card में विज्ञान एवं गणित विषय अंकित हो, तो वे तद्नुसार विषय सुधार करते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ विद्यालय प्रधान को अनिवार्य रूप से हस्तगत् कराना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार किसी सामान्य छात्र/छात्रा के Dummy Admit Card में दृष्टिबाधित छात्रों के अनुरूप विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह विज्ञान हो, तो इसे भी अनिवार्य रूप से सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।**

**(ii)** यह भी अंकनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), ऑटोमोबाईल (Automobile), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई0टी0/आई0टीज0 (IT/ITes) विषयों/ट्रेडों को ऐच्छिक विषय के रूप में पठन–पाठन की व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले के कुछ विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित विद्यालयों में इस विषय/ट्रेड के लिए निर्धारित संख्या के अनुसार अध्ययन कर रहे छात्र/छात्राओं के द्वारा किसी एक विषय/ट्रेड का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित होना अत्यंत अनिवार्य है। शेष विद्यालय/छात्र/छात्रा के द्वारा व्यावसायिक विषयों/ट्रेडों का चयन नहीं किया जाना है। चिन्हित विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान चयनित व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत निर्दिष्ट एक विषय/ट्रेड को उनके Dummy Admit Card में ऐच्छिक विषय के कॉलम में अंकित किया गया है। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो इसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है।

**8.** Dummy Admit Card ऑनलाईन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नम्बर–0612–2232074** अथवा **E-mail ID : bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**